हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 19 दिसंबर 2025

04 सहकारिता ग्रामीण भारत की रीढ़ है आत्मनिर्भरता...



07 युवक की गला रेत कर हत्या ससुरालीजनों ने लगाया जाम





## खबर संक्षेप

### व्यापारियों के बंद को कांग्रेस का समर्थन

**सागर।** जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव ने व्यापारियों द्वारा शहर में हो रही कटरवाजी, लूट, मारपीट एवं चोरियों के विरोध में एवं कानून व्यवस्था के सुधार हेतु व्यापारी वर्ग जो 19 दिसंबर को सांकेतिक बंद कर रहा है उसका जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव ने अपना समर्थन दिया है। जिला शहर कांग्रेस कमेटी पूर्व में भी आईजी के पास प्रदर्शन कर ज्ञापन दे चुकी है लेकिन अपराध है कि रूकने का नाम ही नहीं ले रहे हैं जनता में दहशत का माहौल है पुलिस व्यवस्था अपंग हो गई है निष्क्रिय थाना प्रभारी हटाए नहीं जा रहे हैं। कांग्रेस द्वारा विगत काफी दिनों से मांग कर रहीं थी और अब वो मांग सर्वदलीय स्तर पर और व्यापारिक स्तर पर भी उठने लगी है समर्थन भी मिलने लगा है लेकिन अधिकारियों के कान में अब भी जू नहीं रेंग रही है। महेश जाटव ने समस्त कांग्रेस जनों से व्यापारियों के सांकेतिक बंद के आह्वान को पूर्ण सहयोग देने की बात कही है।

### धान उपार्जन केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया

**सागर।** ज्योति बघेल (आर्य) जिला आपूर्ति नियंत्रक, सागर द्वारा 12-12-2025 को सेवा सहकारी समिति, पामाखेडी द्वारा संचलित धान उपार्जन केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। उपार्जन केन्द्र पर मौके पर उपस्थित सर्वेयर के समक्ष सिली हुई बोरियों की तौल कराई गई। उनके द्वारा कृषकों को बैठने हेतु व्यवस्था, बिजली, पानी आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। उन्होंने निर्देशित किया कि शासन की गाईड लाईन के अनुसार केन्द्र पर समस्त व्यवस्थायें दुरुस्त की जाएं। धान उपार्जन केन्द्र प्रभारी श्री सूर्यकांत दुबे द्वारा बताया गया कि साईखेडा केप खरीदी स्थल में बिजली, पानी एवं बैठक व्यवस्था आदि पर्याप्त न होने के कारण क्षेत्रीय प्रबंधक, वेयरहाऊस के निर्देशानुसार साईखेड़ा वेयर हाऊस परिसर में खरीदी कार्य प्रारंभ किया गया है। खरीदी स्थल गोदाम परिसर में निर्देशानुतार समस्त व्यवस्थायें पूर्ण कर ली गई हैं एवं धान खरीदी कार्य व्यवस्थित तरीके से किया जा रहा है। केन्द्र पर अब तक 660 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। जिला आपूर्ति नियंत्रक, सागर द्वारा अवगत किया गया है कि धान उपार्जन केन्द्रों के सतत निरीक्षण किये जायेंगे एवं अनियमिततायें पाये जाने पर उपार्जन केन्द्र के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी।

### अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की नियुक्ति

**सागर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली के कार्यक्रम को अद्यतन और त्रुटिरहित रखने हेतु तथा नये / संभावित मतदाताओं के पंजीकरण पर ध्यान केन्द्रित करते हुए निर्वाचक नामावली को अद्यतन किया जा सकें। इस संबंध में आयोग निर्देशानुसार एक अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा स्तर पर अधिसूचित किया गया था। सागर जिलें की विधानसभा क्षेत्रों में अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की नियुक्ति की गई है। बीना (अ.जा.) मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बीना। खुरई मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत खुरई। सुरखी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत राहतगढ़। देवरी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत देवरी। रहली मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रहली।नरयावली (अ.जा.) मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जैसीनगर। सागर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सागर। बण्डा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बण्डा।

### सुरखी विधानसभा को मिली करोड़ों रुपए के विकास कार्यों की सौगात

# सुरखी के समग्र विकास के लिए दृढसंकल्पित हैं गोविंद : जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सुरखी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने बिहारी खेड़ा एवं ग्राम बरौदा रहली का दौरा कर ग्रामीण विकास को नई गति दी। इस अवसर पर उन्होंने पंचायत भवन निर्माण के लिए करोडों रुपये की सौगात देते हुए क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत प्रदान की। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने कहा कि सुरखी विधानसभा क्षेत्र विकास कार्यों को लेकर प्रदेष में चर्चाओं में है। सबसे कम समय में सबसे अधिक विकास कार्य सुरखी विधानसभा क्षेत्र में किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मंत्री गोविंद सिंह राजपूत सुरखी विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए दृढसंकल्पित हैं। षिक्षा स्वास्थ्य, नल-जल योजना, लाडली बहना योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, जैसी योजनाओं से सुरखी विधानसभा क्षेत्र की जनता लाभान्वित हो रही आपके आर्षिवाद से यह विकास कार्य इसी



तरह चलते रहेंगे। हीरा सिंह राजपूत ने

बिहारी खेड़ा में पंचायत भवन निर्माण हेतु 37.49 लाख की एंव बरौदा रहली में पंचायत भवन के लिए 50 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया इसके साथ ही 15 लाख की 3 सीसी रोड का भूमिपूजन करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष ने बरौदा रहली में निर्माणाधीन मंगल भवन का निरीक्षण भी किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कार्य उत्तम गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि गांव-गांव में शहर जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हों, ताकि ग्रामीणों को विकास का वास्तविक लाभ मिल सके।

ग्रामीणों ने जिला पंचायत अध्यक्ष के इस दौरे एवं घोषणाओं का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया और कहा कि इन विकास कार्यों से क्षेत्र में सामाजिक एवं सामुदायिक गतिविधियों को मजबूती मिलेगी।

इस अवसर पर देवेन्द्र सिंह हिलगन जिला पंचायत सदस्य, बुंदेल सिंह मंडल अध्यक्ष, सरंपच भरत सिंह, प्रेमसिंह, महेष सिंह ठाकुर, दयाराम कुर्मी, करोडी ठाकुर, मनोहर सिंह, रामस्वरूप सिंह, राजाराम सिंह, षिवम सिंह वंषिया, जमना कुर्मी, देवसिंह ठाकुर, शैलेन्द्र सिंह, अनिल सिंह, राजबहादुर सिंह, ओमकार दुबे, षिवप्रसाद कुर्मी, राजाराम अहिरवार, गोपाल गौड, जगदीष कुर्मी, जनपद सीईओ पुष्पेन्द्र अहिरवार, पवन चैरसिया, वीरसिंह, लोधी मनीष तिवारी भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सहित सैकडो की संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।



## शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय सागर के छात्रों ने रचा इतिहास: 14 एनसीसी कैडेट्स का भारतीय सेना में एक साथ चयन

**सागर।** स्थानीय शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के छात्रों ने एक अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है। महाविद्यालय के 14 जाँबाज़ राष्ट्रीय कैडेट कोर 11 एमपी ब्वॉयज़ बटालियन के कैडेट्स का एक साथ भारतीय सेना की 'अग्निवीर' योजना एवं पैरा मिलिट्री फोर्सेस में चयन हुआ है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर महाविद्यालय परिवार में हर्ष की लहर है। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर सरोज गुप्ता एवं 11 एमपी ब्वॉयज़ बटालियन एनसीसी के अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. जयनारायण यादव के मार्गदर्शन में इन कैडेट्स ने कड़े प्रशिक्षण और अनुशासन के बल पर यह सफलता प्राप्त की है। चयनित कैडेट्स में भानु लोधी, शैलेश गौड, आकाश पटेल, रिंकू अहिरवार, अनुभव लोधी, सचिन सेन, गणेश पटेल, रामेश्वर अहिरवार, संजय साहू, राहुल प्रजापति, मोहित यादव, दीपक कुशवाहा एवं राकेश लोधी शामिल हैं। कैडेट्स की इस सफलता पर महाविद्यालय परिसर में एक गरिमामय सम्मान समारोह आयोजित किया गया। प्राचार्य प्रोफेसर सरोज गुप्ता ने चयनित कैडेट्स को फूल-मालाएं पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि यह महाविद्यालय के लिए ऐतिहासिक क्षण है और हमारे कैडेट्स ने राष्ट्र सेवा के प्रति अपने समर्पण को साबित कर दिया है। इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी डॉ. जयनारायण यादव ने कैडेट्स के कठोर परिश्रम की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। समारोह में डॉ. संदीप सबलोक, डॉ सुरेंद्र यादव, डॉ अंकुर गौतम डॉ संदीप तिवारी डॉ रविन्द्र सिंह सहित महाविद्यालय स्टाफ छात्र उपस्थित रहे।



## संजय पटेरिया बने रहली कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष कार्यकर्ताओं ने गाजे-बाजे के साथ किया स्वागत

**रहली।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा वरिष्ठ नेता संजय पटेरिया को रहली का नया ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किए जाने के बाद क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। नियुक्ति के पश्चात प्रथम नगर आगमन पर कांग्रेस जनों ने उनका जोरदार स्वागत किया। संजय पटेरिया के रहली पहुँचते ही चांदपुर तिराहा पर बड़ी संख्या में एकत्रित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुष्प मालाओं और आतिशबाजी के साथ उनका अभिनंदन किया। यहाँ से एक विशाल स्वागत रैली प्रारंभ हुई, जो नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए गांधी चौराहे तक पहुँची। रैली के दौरान कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। गांधी चौराहे पर पहुँचकर नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष संजय पटेरिया और वरिष्ठ नेताओं ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर कांग्रेस की एकजुटता देखने को मिली। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सौरभ हजारी (पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष), ज्योति पटेल (कांग्रेस नेत्री), रत्नेश पटेल (पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष), दीपक जैन (नगर अध्यक्ष), एडवोकेट मनोरथ वर्ग, बीड़ी पटेल के साथ ही बड़ी संख्या में ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी और निष्ठावान कार्यकर्ता मौजूद रहे। नवनियुक्त अध्यक्ष संजय पटेरिया ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन को मजबूती देने और जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।

## रहली क्षेत्र के तीन गांवों में नशामुक्ति की गूंज: धोनाई, खेजरा और खैराना बने 'नशामुक्त गांव'

### शराब माफिया के खिलाफ संगठन की बड़ी जीत ग्रामीणों ने लिया शराब न पीने और न बेचने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहली

क्षेत्र में समाज सुधार की दिशा में सक्रिय भगवती मानव कल्याण संगठन को एक बार फिर बड़ी सफलता हाथ लगी है। संगठन के निरंतर प्रयासों के चलते ब्लॉक के तीन गांवों- धोनाई, खेजरा और खैराना में पूर्णतः शराबबंदी लागू कर दी गई है। ग्रामीणों ने अब एकजुट होकर संकल्प लिया है कि इन गांवों की सीमा के भीतर न तो कोई शराब पिएगा और न ही कोई इसकी अवैध बिक्री करेगा।

### जनजागरण से आई चेतना

संगठन के पदाधिकारी राजेश सेन और सुनील पटेल ने बताया कि गांव-गांव जाकर श्री दुर्गा चालीसा पाठ और आरती के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है।



इसका मुख्य उद्देश्य समाज को नशा मुक्त, मांसाहार मुक्त और चरित्र वान बनाना है। इसी क्रम में तीनों गांवों के सरपंच, सचिव, जन प्रतिनिधियों और ग्रामीणों के साथ बैठक की गई, जिसमें सर्वसम्मति से नशाबंदी का निर्णय लिया गया।

### थाने पहुंचकर सौंपा ज्ञापन

गांवों में संकल्प दिलाने के बाद संगठन के सदस्य रहली थाने पहुंचे। वहां उन्होंने पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र में नशाबंदी अभियान में सहयोग की मांग की। कार्यकर्ताओं का कहना है कि शराब माफियाओं द्वारा गांव-गांव में अवैध शराब के ठेके खोलकर युवाओं को नशे की गर्त में धकेला जा रहा है, जिससे घरेलू हिंसा, चोरी और दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं।

### समाज को बचाने की पहल

संगठन के सदस्यों ने जोर देकर कहा कि नशे के कारण समाज बर्बाद हो रहा है और महिलाएं प्रताड़ति हो रही हैं। इस अभियान का लक्ष्य न केवल शराब बंद करना है, बल्कि मानवता की सेवा और राष्ट्र रक्षा के लिए एक सभ्य समाज का निर्माण करना है। इस अभियान में तीनों गांवों के जागरूक नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## मकरोनिया से बहरिया चौराहे तक शराबी ट्रक चालक का तांडव, कई वाहन क्षतिग्रस्त

**सागर।** शराब के नशे में धुत एक ट्रक चालक ने मकरोनिया चौराहे से बहरिया चौराहे तक जमकर उत्पात मचाया। तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए चालक ने रास्ते में कई लोगों को डराया और अनेक वाहनों को टक्कर मार दी, जिससे अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक चालक ने नियंत्रण खोते हुए दोपहिया और चारपहिया वाहनों को निशाना बनाया। कुछ लोगों को मामूली चोटें आईं, जबकि कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक को रोककर चालक को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने प्रारंभिक जांच में चालक के नशे में होने की पुष्टि की है। उसके खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट सहित संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस घटना में घायल लोगों का मेडिकल परीक्षण करा रही है और नुकसान का आकलन किया जा रहा है।



## संपत्तिकर व जलकर की बकाया राशि जमा न करने पर नगर निगम की कार्रवाई जारी

**सागर।** नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार बकायाकरों की वसूली को लेकर नगर निगम द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में नगर निगम की टीम ने संपत्तिकर की बकाया राशि जमा न करने पर जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुरव्याऊ की 5 लाख रुपए, तिलकगंज स्थित किसान सहकारी शीतगृह एवं बालक भवन में संपत्तिकर की बकाया राशि जमा न करने पर तालाबंदी की कार्रवाई की गई। नगर निगम द्वारा जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पुरव्याऊ पर लगभग 5 लाख रुपए का संपत्तिकर बकाया था। बकाया राशि की बार-बार सूचना एवं नोटिस दिए जाने के बावजूद भुगतान नहीं किए जाने पर निगम टीम द्वारा तालाबंदी की गई। कार्रवाई के दौरान संबंधित संस्था द्वारा मौके पर ही 2 लाख 50 हजार रुपए की बकाया राशि जमा कराई गई, जबकि शेष राशि शीघ्र जमा करने का आश्वासन दिया गया। तिलकगंज स्थित किसान सहकारी शीतगृह से 3 लाख 36 हजार 936 एवं बालक भवन से 2 लाख 7 हजार 722 रुपये संपत्तिकर जमा न करने पर तालाबंदी की कार्रवाई की गई। इसके अलावा अन्य बकाया दारों द्वारा संपत्तिकर की राशि सोमवार को जमा करने का आश्वासन दिया गया। नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने नागरिकों, शासकीय एवं अशासकीय संस्थानों से अपील करते हुए कहा है कि संपत्तिकर, जलकर, कचरा प्रबंधन शुल्क तथा दुकानों के किराये की बकाया राशि समय-सीमा में अनिवार्य रूप से जमा करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर विकास कार्यों एवं नागरिक सुविधाओं के संचालन हेतु करों की वसूली आवश्यक है, इसलिए बकायादारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। समय पर भुगतान कर निगम प्रशासन को सहयोग प्रदान करें, जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय कार्रवाई से बचा जा सके।

## सप्ताह में एक दिन लगेगा प्राकृतिक/ जैविक हाट बाजार

**सागर।** उपसंचालक कृषि सागर के निर्देशन में इस हाट बाजार की तैयारी कृषि विभाग ने विगत माह से ही प्रारंभ कर दी थी जिसमें सर्वप्रथम क्षेत्र में प्राकृतिक /जैविक खेती करने वाले किसानों का चयन किया गया। तत्पश्चात विभाग की टीम ने खेतों पर जाकर सत्यापन कर चयनित किसानों को प्राकृतिक/ जैविक हाट में खाद्य उत्पाद विक्रय के लिए आमंत्रित किया ।सभी विक्रेता किसानों को विभाग द्वारा पहचान पत्र जारी किए गए हैं। जैविक/प्राकृतिक खेती में किसी भी प्रकार के रसायन का प्रयोग नहीं किया जाता है बल्कि गोबर की खाद, वर्मी कंपोस्ट, मटका खाद या प्राकृतिक रूप से बनाए जाने वाले उत्पाद जैसे जीवामृत बीजामृत,घनजीवामृत, आग्नेयास्त्र ,नीमास्त्र का उपयोग किया जाता है। इस प्रकार तैयार हुए उत्पाद पूर्णतः शुद्ध, प्राकृतिक, विषरहित होते हैं। जैविक/प्राकृतिक खेती में रसायनों के इस्तेमाल न होने के कारण मृदा, पशु व मानव स्वास्थ्य पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ता साथ ही जैविक/प्राकृतिक उत्पाद स्वास्थ्य की दृष्टि से अधिक पौष्टिक व स्वादिष्ट होते हैं।प्रमुख आकर्षण (फल,सब्जी, मसाले, अनाज, दालें एवं अन्य जैविक/ प्राकृतिक खाद्य उत्पाद) पपीता, आवला, अमरूद, आलू, टमाटर, धनियां,मिर्च, मूली, लौकी, बैगन, रतालू, हरी भाजी, गेहू, दाल दलिया, मुनगां पाउडर, देशी शहद इत्यादि।

## संवाद पुरुष मुन्ना शुक्ला संस्मरण ग्रंथ का विमोचन

**सागर।** श्रुतिमुद्रा एवं बुनियाद सांस्कृतिक समिति के संयुक्त तत्वावधान में "संवाद पुरुष" स्व. मुन्ना शुक्ल संस्मरण ग्रंथ का विमोचन समारोह रविन्द्र भवन सभागार, सागर में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य स्व. मुन्ना शुक्ला के वैचारिक योगदान, सामाजिक संवाद और सांस्कृतिक चेतना को स्मरण करते हुए नई पीढ़ी तक उनके विचारों को पहुँचाना था।कार्यक्रम की शुरुआत स्व. मुन्ना शुक्ला को समर्पित आदरांजलि कार्यक्रम से हुई, जिसमें उपस्थित अतिथियों एवं गणमान्य नागरिकों ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। स्वागत वक्तव्य डॉ सिद्धार्थ शंकर शुक्ला ने प्रस्तुत किया। डॉ अलका शुक्ला ने आदरांजलि के क्रम में बताया कि कैसे मुन्ना शुक्ला जी ने परिवार को संस्कार और ज्ञान के दो आधारस्तम्भों का महत्व बताया।

### आयोजन के लिए जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने बैठक में दिए दिशा-निर्देश

# "अटल स्मृति वर्ष" के रूप में मनाया जाएगा अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म शताब्दी वर्ष, भाजपा करेगी विभिन्न कार्यकर्मों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

भारतीय जनता पार्टी भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष को "अटल स्मृति वर्ष" के रूप में मना रही हैं जिसको लेकर गुरुवार को धर्मश्री स्थित संभागीय भाजपा कार्यालय में जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई जिसमें विस्तृत रूप से आगामी कार्यकर्मों की रूपरेखा तैयार की गई।

बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने कहा कि इस वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म शताब्दी है, जो एक दूरदर्शी राजनेता थे और जिन्होंने भारत को 21वीं सदी में अग्रसर किया। उनके सुशासन की विरासत में पोखरण-द्वितीय परियोजना, कारगिल युद्ध के दौरान उनका नेतृत्व और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का शुभारंभ जैसी महत्वपूर्ण उपलब्धियां शामिल हैं। उनकी



विरासत को सम्मान देने और नागरिकों को प्रेरित करने के लिए अभियान चलाया जाएगा जो संवाद, सांस्कृतिक और शासन-केंद्रित पहलों के माध्यम से उनके जीवन,उपलब्धियों और चिरस्थायी मूल्यों को उजागर करेगा।

जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भावपूर्ण संदेश में लिखा कि '25 दिसंबर का दिन भारतीय राजनीति और भारतीय जनमानस के लिए एक तरह से सुशासन का अटल दिवस है। आज पूरा देश अपने भारत रत्न अटल जी को,उस आदर्श विभूति के रूप में याद कर रहा है,जिन्होने अपनी सौम्यता, सहजता और सहृदयता से करोड़ो भारतीयों के मन में जगह बनायी। पूरा देश उनकी राजनीति और उनके योगदान के प्रति कृतज्ञ है।

बैठक में अभियान के अंतर्गत आयोजित किए जाने वाले दीपोत्सव, कवि सम्मेलन, चित्रकला प्रतियोगिता, सात दिवसीय अटल स्मृति प्रदर्शनी, अटल स्मृति सम्मलेन सहित सभी कार्यकर्मों के लिए कार्ययोजना तैयार की गई। जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने बताया कि सभी कार्यक्रमों की सफलतापूर्वक क्रियान्वयन एवं संचालन हेतु जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने जिला स्तरीय टोली का गठन किया है जिसमें संभागीय कार्यालय मंत्री डॉ.वीरेंद्र पाठक को संयोजक एवं जिला उपाध्यक्ष जगन्नाथ गुरैया, चैन सिंह ठाकुर पूर्व मंडलअध्यक्ष मनीष चौबे एवं जिला कोषाध्यक्ष निकेश गुप्ता को सह संयोजक बनाया हैं। बैठक में अपेक्षित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### आत्महत्या दुष्प्रेरण के अभियुक्त को पकड़ा

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह एवं सीओ महरौनी आशीष मिश्रा के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में थाना सौजना पुलिस ने दर्ज एफआईआर धारा 108 बीएनएस में वांछित सौजना निवासी अरविन्द अहिरवार पुत्र स्व.मलखान को हिरासत में लिया है। युवक को पकडने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष सौजना अजय पाल सिंह, प्रवीण गिरी, नीरज कुमार शामिल रहे।

### एसआईआर को लेकर बीएसपी का कैंप संपन्न

**ललितपुर।** कस्बा बानपुर के पर्सेपुरा मोहल्ला में बसपा का एक दिवसीय एसआईआर कैडर कैंप का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष दीपक अहिरवार टीकरा, विधानसभा प्रभारी महरौनी अमरसिंह यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रामकिशन बैजनाथ, जिला प्रभारी रामसिंह कुशवाहा महरौनी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एसआईआर के विषय में जानकारी देकर जागरूक किया गया। संचालन हरिचरन सुमन सेक्टर अध्यक्ष बानपुर ने किया। इस दौरान मनोज पुष्पकार, पप्पू कुशवाहा, फूलचंद कुशवाहा, बिहारी कुशवाहा, ध्यानी कुशवाहा, मुन्नालाल नेताजी, गणेश प्रसाद, फूलचंद अहिरवार, करन कुमार, राजेश अहिरवार, रवि सूर्या, खिल्लू नेताजी, सोनू अहिरवार, गुल्लू रजक, राजू सेन आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### आधी रात पूरे परिवार पर किया हमला

**ललितपुर।** तालबेहट के ग्राम खांदी अंतर्गत मजरा विन्द्रावन ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 11 दिसम्बर की रात करीब 2 बजे वह अपने घर पर था। तभी बिना किसी कारण गांव के मनीराम रैकवार व देवसिंह रैकवार पुत्रगण स्व.बिटवा, राजकुमारी पत्नी मनीराम रैकवार, केशर पत्नी बिटवा एकराय होकर आये और उसकी मां को गालियां देने लगे। मना करने पर उक्त लोगों ने उसके साथ मारपीट कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### मकान खाली कराने के नाम पर मारपीट

**ललितपुर।** थाना पाली के ग्राम एरावनी में रहने वाली जानकी अहिरवार पत्नी दयाराम अहिरवार ने पुलिस को लिखित शिकायत दर्ज करायी है। बताया कि गांव के रामदास लोधी पुत्र स्व.खन्नू लोधी उसे अपने साथ करीब 2 वर्ष पहले यह कहकर साथ ले गये थे कि वह अपने मकान में दो कमरे दूंगा। तब से वह अपने पति व बच्चों के साथ उक्त दो कमरों में रहकर उसी की दो एकड़ जमीन को बटाई पर लेकर रह रही थी। बताया कि बीती 15 दिसम्बर को अपराह्न 12 बजे रामदास पुत्र खन्नू लोधी, प्रताप लोधी पुत्र रामदास, पूनम पत्नी प्रताप लोधी हाथों में डण्डा लेकर उसके पास आये और मकान से बाहर निकल जाने को कहने लगे। जब उसने मना किया तो उक्त लोगों ने उसके साथ मारपीट कर घर का सारा सामान बाहर फेंक दिया और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुये अपमानित किया। आरोप है कि उक्त लोगों ने जान से मारने की धमकी देते हुये मकान खाली करने की धमकी दी। महिला की तहरीर पर पाली थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### पत्रकार को पितृ शोक निधन पर शोक जताया

**ललितपुर।** बुधवार को नेहरू नगर निवासी पत्रकार राकेश राजा व नरेन्द्र राजा के पूज्यनीय पिताजी शंकरसिंह (मोनावली वालों) का लम्बी बीमारी के बाद आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर सुनते ही लोगों में शोक लहर दौड़ गयी। सुबह करीब 11 बजे उनकी अंतिम यात्रा निकाली गयी, जो कि पोस्टमार्टम हाऊस के पास स्थित मुक्तिधाम पर पहुंची, जहां दिवंगत शंकर सिंह के पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार किया गया। पंचतत्व में विलीन हुये शंकर सिंह की आत्मा की शांति के लिए मौजूद लोगों ने दो मिनिट का मौन धारण कर शोक व्यक्त किया गया।

## नाबार्ड द्वारा सहकारिता साक्षरता कार्यक्रम आयोजित किया गया

# सहकारिता ग्रामीण भारत की रीढ़ है आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देती: सलिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ललितपुर

ग्राम पंचायत खड़ोबरा में नाबार्ड द्वारा सहकारिता साक्षरता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य ग्रामीणों में सहकारिता के महत्व और लाभों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। जिला विकास प्रबंधक सलिल अकरवंशी ने सहकारिता को ग्रामीण भारत की रीढ़ बताया और कहा कि यह आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देती है। बुधवार को नाबार्ड (राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक) के जिला विकास प्रबंधक कार्यालय की ओर से सहकारिता साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य ग्रामीणों में सहकारिता आंदोलन के महत्व, सिद्धांतों और इसके सामाजिक-आर्थिक लाभों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। अध्यक्षता करते हुए जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड ने कहा कि सहकारिता हमारी परंपरा, एकता और साझेदारी का सशक्त प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि सहकारिता मॉडल ग्रामीण भारत की रीढ़ है, जो किसानों, महिलाओं और छोटे उद्यमियों को संगठित कर आत्मनिर्भरता की राह दिखाता है। नाबार्ड सहकारी समितियों को वित्तीय सहयोग, प्रशिक्षण और विपणन सहायता प्रदान कर उन्हें सशक्त बना रहा है। उन्होंने बताया कि नाबार्ड की प्राथमिकता है कि हर गांव में सक्रिय सहकारी समितियां बनें, जो कृषि, दुग्ध उत्पादन, कुटीर उद्योग और ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा दें। उन्होंने कहा कि सहकारिता से न केवल आर्थिक विकास संभव है, बल्कि यह सामाजिक एकता और पारस्परिक सहयोग की भावना को भी मजबूत करती है। ग्राम प्रधान ने कहा कि सहकारिता कोई नई अवधारणा नहीं, बल्कि यह भारतीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा रही है। उन्होंने कहा कि सहकारिता आंदोलन से गांवों में सहभागिता और पारदर्शिता की भावना विकसित होती है। सहकारी समितियों के गठन, संचालन और उनके अधिकारों पर जानकारी दी गई। किसान, सहकारी समितियों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

प्रतिभागियों ने नाबार्ड अधिकारियों से सहकारी समितियों के माध्यम से ऋण, विपणन और प्रशिक्षण की सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से गांवों में जागरूकता बढ़ेगी और सहकारी आंदोलन को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में जिले के विभिन्न ब्लॉकों में भी ऐसे सहकारिता साक्षरता कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे ताकि ग्रामीणों तक विकास की हर योजना पहुंच सके। वहीं कार्यक्रम में सीएफएल जाखौरा से आरोह फाउंडेशन की ओर से एफसी सोहिब खान, एफसी दीपक यादव व बृन्दावन ने वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। इसी क्रम में कृषि विभाग से अंकिता नायक द्वारा किसानों को रबी फसलों के फसलवार प्रबंधन, संतुलित पोषण प्रबंधन, कीट एवं रोग नियंत्रण, मृदा स्वास्थ्य सुधार तथा उन्नत कृषि संसाधनों के संबंध में विस्तार पजानकारी प्रदान की गई। वीणा तिवारी, रोंडा समिति सचिव जगदीश, पंचायत सहायक सत्यम यादव सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।



### सहकारिता से ही संभव है आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत : डीडीएम

ललितपुर। ग्राम पंचायत खड़ोबरा में नाबार्ड द्वारा सहकारिता साक्षरता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य ग्रामीणों में सहकारिता के महत्व और लाभों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। जिला विकास प्रबंधक सलिल अकरवंशी ने सहकारिता को ग्रामीण भारत की रीढ़ बताया और कहा कि यह आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देती है। बुधवार को नाबार्ड (राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक) के जिला विकास प्रबंधक कार्यालय की ओर से सहकारिता साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य ग्रामीणों में सहकारिता आंदोलन के महत्व, सिद्धांतों और इसके सामाजिक-आर्थिक लाभों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड ने कहा कि सहकारिता हमारी परंपरा, एकता और साझेदारी का सशक्त प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सहकारिता मॉडल ग्रामीण भारत की रीढ़ है, जो किसानों, महिलाओं और छोटे उद्यमियों को संगठित कर आत्मनिर्भरता की राह दिखाता है। नाबार्ड सहकारी समितियों को वित्तीय सहयोग, प्रशिक्षण और विपणन सहायता प्रदान कर उन्हें सशक्त बना रहा है। उन्होंने बताया कि नाबार्ड की प्राथमिकता है कि हर गांव में सक्रिय सहकारी समितियां बनें, जो कृषि, दुग्ध उत्पादन, कुटीर उद्योग और ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा दें। उन्होंने कहा कि सहकारिता से न केवल आर्थिक विकास संभव है, बल्कि यह सामाजिक एकता और पारस्परिक सहयोग की भावना को भी मजबूत करती है। ग्राम प्रधान ने कहा कि सहकारिता कोई नई अवधारणा नहीं, बल्कि यह भारतीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा रही है।

### गांवों में सहभागिता और पारदर्शिता की भावना विकसित होती

उन्होंने कहा कि सहकारिता आंदोलन से गांवों में सहभागिता और पारदर्शिता की भावना विकसित होती है। सहकारी समितियों के गठन, संचालन और उनके अधिकारों पर विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान, सहकारी समितियों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। प्रतिभागियों ने नाबार्ड अधिकारियों से सहकारी समितियों के माध्यम से ऋण, विपणन और प्रशिक्षण की सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से गांवों में जागरूकता बढ़ेगी और सहकारी आंदोलन को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में जिले के विभिन्न ब्लॉकों में भी ऐसे सहकारिता साक्षरता कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे ताकि ग्रामीणों तक विकास की हर योजना पहुंच सके। वहीं कार्यक्रम में सीएफएल जाखौरा से आरोह फाउंडेशन की ओर से एफसी सोहिब खान, एफसी दीपक यादव व बृन्दावन ने वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। इसी क्रम में कृषि विभाग से अंकिता नायक द्वारा किसानों को रबी फसलों के फसलवार प्रबंधन, संतुलित पोषण प्रबंधन, कीट एवं रोग नियंत्रण, मृदा स्वास्थ्य सुधार तथा उन्नत कृषि संसाधनों के समुचित उपयोग के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान वीणा तिवारी, रोंडा समिति सचिव जगदीश, पंचायत सहायक सत्यम यादव सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

## घंटाघर पर किया जनांदोलन

# मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाने से कांग्रेस नाराज



**ललितपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी ने जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक के नेतृत्व में घंटाघर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर धरना प्रदर्शन कर केन्द्र सरकार द्वारा मनरेगा का नाम वदलने के षडय़ंत्र का भारी विरोध किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि केन्द्र सरकार ने अपने कार्यकाल में किसी भी नई योजना का काम नहीं किया, जितनी भी योजना कांग्रेस के समय चलती थी, उन्ही योजना का नाम बदल बदल कर अपना काम चला रही है।

मनरेगा पूर्व प्रधानमंत्री डा.मनमोहन सिंह के कार्यकाल वाली सरकार इसलिए लाई थी या कहे उसका जन्म इसलिए हुआ था कि हर हाथ को कम दो, काम का पूरा दम दो का वादा कांग्रेस ने किया था। कांग्रेस ने इस मनरेगा अधिनियम को लाकर गांव में बैठे मजदूरों को रोजगार का 100 दिन की गारंटी दी थी। यह अधिनियम मजदूरों के लिए लाभकारी सिद्ध हुई। गांव-गांव पलायन रुका और लोगों को घर बैठे काम मिला। देश में जब संक्रमण का आया करोना जैसी बीमारी इस देश में आई उस समय मजदूर बाहर से पलायन कर अपने घर आया और उसे घर में ही मनरेगा के काम देकर उसकी रोजी-रोटी की व्यवस्था सरकार ने की।

ऐसी संक्रमण काल में मजदूरों को मनरेगा का लाभ मिला, अब यह सरकार मजदूरों के खिलाफ जाकर मनरेगा अधिनियम में बदलाव करना चाहती है। वह राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के इस पवित्र नाम पर भी राजनीति करते हुए नाम बदलने का काम कर रही है। देश की सबसे महत्वपूर्ण योजना जिस सबसे गरीब तबके के मजदूरों का लाभ मिलता था, उस पर भी केन्द्र सरकार ने अपनी कुदृष्टि डाल उस नाम बदलने का काम किया जा रहा है। तथा जिन प्रावधानों से मजदूरों को अधिक लाभ होता था, उन को बदल कर इतना जटिल कर दिया गया है कि मजूदरों को उन की मजदूरी का कोई लाभ प्राप्त नहीं होने वाला। इसी बात का कांग्रेस प्रदेश भर विरोध कर रही है तथा केन्द्र सरकार के नापाक इरादों को कांग्रेस सफल नहीं होने देगी। प्रदेश हर जिले में इस विरोध किया जा रहा कि गरीब मजदूरों के साथ कांग्रेस हर समय खड़ी रही है और खड़ी रहेगी। उन्होंने आगे कहा कि जिला कांगेस के कार्यकर्ताओ को भी चेतावनी देते हुए कहा कि प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देश अनुसार जिले व नगर आयोजित होने बाले कांग्रेस के कार्यक्रमों व संगठन में जो पदाधिकारी कांग्रेस के कार्यक्रमों की उपेक्षा कर रहे तथा पद लेकर भी संगठन का काम नहीं कर रहे, ऐसे पदाधिकारियों को अन्तिम बार चेतावनी दी जा रही है या तो पार्टी के दिए गए निर्देशों का पालन कर हर करे, वरना उन के ऊपर अनुशात्मक कर्यवाही करके उनको पद से मुक्त कर दिया जायेगा। उनकी जगह पर पार्टी के दूसरे निष्ठावन कार्यकर्ताओं को पद दे दिया जायेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं को आखरी चेतावनी दी। इस दौरान पूर्व प्रदेश सचिव जसपाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष पंकज हुण्डैत, नेहा तिवारी, बलवंत सिंह, राकेश रजक, जिला महासचिव पं.शशिकान्त दीक्षित, पवन विश्वकर्मा, मु.इमरान, डा.खेमचंद वर्मा, जगभानसिंह राजा, जितेंद्र विश्वकर्मा, रामकुमार अहिरवार आदि उपस्थित थे।

## फल संरक्षण आत्मनिर्भर भारत पर दो दिवसीय कार्यक्रम

# 30 उद्यामियों को खाद्य संरक्षण साहित्य वितरित किया

**ललितपुर ।** प्रभारी राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केन्द्र, ललितपुर द्वारा 26 से 28 तक आत्म निर्भर भारत अभियान प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योग उन्नयन योजना के अन्तर्गत तीन दिवसीय बैनेफिशरी का आयोजन राजकीय फल संरक्षण केन्द्र, ललितपुर में किया गया।

जिसमें 30 उद्यामियों ने भाग लिया जिनको खाद्य संरक्षण साहित्य एवं अन्य सामग्री वितरित की गयी। कार्यक्रम में उपस्थित डा. दिनेश चन्द्र उपाध्याय, प्रधानाचार्य खाद्य विज्ञान, झॉसी ने तीन दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण योजना की प्रशिक्षण की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण के उपरान्त अपने रोजगार को कैसे विकसित करें इसकी विस्तृत जानकारी दी। डा. लक्ष्मीकान्त मिश्रा, प्रोफेसर नेहरू महाविद्यालय (उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण) ने प्रशिक्षार्थियों को खाद्य प्रसंस्करण की उपयोगिता एवं महत्त्व की जानकारी विस्तृत रूप से दी। कुंजबिहारी शर्मा डायरेक्टर फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी ने प्रशिक्षार्थियों को छोटे-छोटे खाद्य प्रसंस्करण के लघु उद्योग स्थापना की जानकारी दी। डा . बी . पी . सिं ह , सिट्रस विशेषज्ञ औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केन्द्र बरुआसागर झॉसी एवं डा. निर्वेश सिंह, औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केन्द्र बरुआसागर झॉसी व बैंक प्रतिनिधि आदि वैज्ञानिकों ने उद्यामियों को प्रशिक्षण दिया। पुरूषोत्तम नारायण कार्यवाहक प्रभारी ने सभी उद्यामियों एवं वैज्ञानिकों को आभार प्रकट किया।




## दो पक्षों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया

# युवक के सिर पर लोहे की रॉड से हमला, गंभीर घायल

**ललितपुर।** कलेक्ट्रेट से चंद कदमों की दूरी पर रखी चाय की गुमठी पर अपराह्न करीब 3 बजे दो पक्षों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। दुकानदार पर आरोप है कि उसने लोहे की रॉड से युवक के सिर पर प्रहार कर दिया, जिससे वह अचेत होकर जमीन पर गिर पड़ा। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची।

पुलिस ने वहां खड़े लोगों की मदद से घायल युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार किया जा रहा है। सिविल लाइन कलेक्ट्रेट के पास रहने वाली महिला आशा साहू ने बताया कि दोपहर में वह घर पर अकेली थी, तभी पड़ौस में चाय की दुकान किये राज नाम का युवक उसके घर आया और पति के बारे में पूछकर चला गया। कुछ समय पश्चात जब उसका पति सुरेन्द्र साहू पुत्र चुन्नीलाल साहू घर आया तो उसने अपने पति को जानकारी दी। इस सूचना पर सुरेन्द्र पड़ोसी दुकानदार राज के पास पहुंचा और उसने उसकी अनुपस्थिति में उसके घर जाने का कारण पूछा। महिला के अनुसार इसी बात पर दोनों में बात-विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि राज नाम के युवक ने सुरेन्द्र के सिर पर लोहे की रॉड से घातक प्रहार कर दिया, जिससे सिर फट गया और उसका पति लहूलुहान हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह सुरेन्द्र को बचाया। वहीं प्रहार होने के बाद सुरेन्द्र अचेत होकर जमीन पर गिर पड़ा। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाते हुये अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी। इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।



# जिला पंचायत की 21 सीटों पर प्रत्याशी उतारेगी पार्टी : रायकवार

**ललितपुर।** निर्बल इण्डियन शोषित हमारा आम दल के जिला कार्यालय पर निषाद पार्टी की मासिक बैठक सम्पन्न हुयी, जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष महेश कुमार रायकवार ने की। बैठक में आगामी 13 जनवरी 2026 को लखनऊ चलो-लखनऊ चलो अभियान चालू किया गया। इसके अलावा जिलाध्यक्ष महेश कुमार रायकवार ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं की सहमति से यह निर्णय लिया गया कि पूरी ताकत से आह्वान किया कि आगामी वर्ष 2026 में होने वाले जिला पंचायत के चुनाव में निषाद पार्टी अपने बल पर जिला पंचायत की सभी 21 सीटों पर अपने प्रत्याशियों को मैदान में उतारकर चुनाव लड़ायेगी। बैठक में युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष पीयूष रायकवार, जिला प्रभारी काशीराम रायकवार, अमित कश्यप, जिला सचिव दीपक, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष रामप्रसाद रायकवार, जिला सचिव सुरेन्द्र निषाद, ब्लाक अध्यक्ष शिवराय रायकवार, नगर अध्यक्ष विनोद रायकवार, उपाध्यक्ष संजय रायकवार, जिला सचिव सुनील, जिला सचिव भीकम मौजूद रहे।



# संप्रेक्षण गृह में बाल कैदियों को कराया योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ललितपुर

राष्ट्रीय आयुष मिशन उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित एवं क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉक्टर अर्जुन लाल अहिरवार/ जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ राम शबद यादव की मार्गदर्शन में में चल रहे योग वेलनेस सेंटर नगर की गतिविधियों के चलते प्रतिदिन सुबह योग शिविर राजकीय संप्रेक्षण गृह में बंद बालकैदियों को योगाभ्यास कराया जा रहा है। योग वेलनेस सेंटर नगर के योग प्रशिक्षक रामू कांत द्वारा राजकीय संप्रेक्षण गृह में योग शिविर के दौरान बताया कि योग से ही स्वस्थ रहा जा सकता है। इसलिए योग को महिलाओं, पुरुषों, बच्चों, युवाओं के साथ हर आयु वर्ग एवं जनसमुदाय के लोगों को अपनाना होगा। योग को अपनाकर स्वस्थ शरीर ,स्वच्छ मन,एवं सभ्य समाज बनाया जा सकता है। योगासन- प्राणायाम के अंतर्गत सूक्ष्म व्यायाम, ताड़ासन, तिर्यक ताड़ासन, कटिचक्रासन, उत्कटासन, अर्धचक्रासन, वृक्षासन, नटराजासन, वज्रासन, मण्डूकासन, सूर्यनमस्कार, प्रज्ञायोग, के साथ अनुलोम विलोम, भ्रामरी, शीतली, सीत्कारी, एवं कपालभाति का अभ्यास कराया गया। संप्रेक्षण गृह के कर्मचारी पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।

# शिक्षामित्रों ने दिया 5 सूत्रीय ज्ञापन, मिला आश्वासन

**ललितपुर।** आदर्श समायोजित शिक्षक शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन जिलाध्यक्ष भगवतसिंह बैंस के नेतृत्व में एक ज्ञापन बीएसए रणवीर सिंह को सौंपा। ज्ञापन में बताया कि शिक्षामित्रों की विभिन्न समस्याएं जिले के शिक्षामित्रों के स्थानांतरण समायोजन प्रक्रिया प्रारंभ की जाए।

महिला एवं दिव्यांग शिक्षामित्रों को नगर क्षेत्र के विद्यालयों में स्थानांतरित किया जाए। परिषदीय शिक्षामित्रों का मानदेय कभी भी समय से नहीं दिया जाता है। समय से मानदेय दिलाया जाए। कुछ शिक्षामित्रों का 2015 में समायोजित हो गए थे, जिनका का पीपीएफ का अवशेष वेतन नहीं मिला है, जो कि दिलाया जाए। बीएलओ में कार्यरत शिक्षा मित्रों को साक्षरता मिशन के कार्यक्रम से पृथक रखा जाए एवं बीएलओ कार्य में लगे शिक्षा मित्रों का विद्यालय अनुपस्थित होने पर मानदेय न काटा जाए। उक्त सभी समस्याओं पर सहानुभूति पूर्वक उन्होंने विचार किया एवं निस्तारण करने का आश्वासन दिया गया। जिलाध्यक्ष भगवतसिंह बैस, सुदामा प्रसाद दुबे, अशोक परिहार, नीलम तिवारी, बृजेश टोटे, राघवेंद्र सिंह चौहान, हाकिम पाल, भानसिंह सेंगर आदि उपस्थित रहे।



## कार्यालयों के विभागाध्यक्षों व आहरण वितरण अधिकारियों की कार्यशाला हुई

# स्रोत पर आयकर कटौती के प्रावधानों को लेकर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ललितपुर

आयकर विभाग, झॉसी द्वारा आयकर आयुक्त (टीडीएस), कानपुर संजय कुमार यादव के मुख्य आतिथ्य एवं जिलाधिकारी सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सभी कार्यालयों के विभागाध्यक्षों एवं आहरण वितरण अधिकारियों के साथ स्रोत पर आयकर की कटौती से संबंधित प्रावधानों को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर एडीजे सुनील कुमार सिंह की उपस्थिति रही। जागरूकता शिविर के दौरान आयकर अधिकारी एके सिंह एवं आयकर अधिकारी अजय भूषण द्वारा जिले के सरकारी कार्यालयों में पदस्थ वेतनभोगियों को अवगत कराया गया कि वह अपना आधार एवं पैन लिंक करवाये अन्यथा की स्थिति में 20 प्रतिशत की दर से स्रोत पर वेतन से कर की कटौती की जायेगी एवं लेखा विभाग के अधिकारियों को भी अवगत कराया गया कि वह अपने अधीन पदस्थ कर्मचारियों एवं व्यक्तिगत कान्ट्रेक्टरों के आधार पैन लिंक न होने की स्थिति में अपरिहार्य रूप से 20 प्रतिषत की दर से स्रोत पर कर की कटौती करें। कार्यशाला के दौरान सरकारी कर्यालयों में पदस्थ कर्मचारियों को उनके आधार पैन लिकिंग की स्थिति को आयकर विभाग के साथ ई-फाईलिंग पोर्टल पर आसानी से चौक करने का तरीका बताया एवं यह भी बताया गया कि 1000 रुपए का चालान आयकर विभाग को भुगतान करके कोई भी व्यक्ति अपना आधार पैन लिंक स्वयं कर सकता है, अथवा करवा सकता है। जागरूकता शिविर के दौरान यह भी बताया गया कि आधार पैन लिंक न होने की स्थिति में यदि कोई व्यक्ति किसी अचल सम्पत्ति का क्रय-विक्रय करता है, तो उस पर 20 प्रतिषत की दर से स्रोत पर कर की कटौती की जायेगी। जागरूकता शिविर के दौरान अपर जिलाधिकारी वि/रा अंकुर श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद, वरिष्ठ कोषाधिकारी अटल राज भास्कर, जिला विकास अधिकारी अतिरंजन सिंह, आयकर विभाग, आयकर निरीक्षक कल्पना जायसवाल, शीतल अग्रवाल एवं चार्डर्ट एकाउण्टेंट सहित सभी विभागों के आहरण वितरण अधिकारी उपस्थित रहे। इसके साथ ही जागरूकता शिविर के दौरान आयकर अधिकारियों द्वारा सरकारी कार्यालयों में पदस्थ अधिकारियों/कर्मचारियों के स्रोत पर कर की कटौती से संबंधित शंकाओं का समाधान भी किया गया।



### ससुरालीजनों का आरोप-पिता, भाई और भाभी ने करवाई हत्या

# युवक की गला रेत कर हत्या ससुरालीजनों ने लगाया जाम





हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।

गसवानी थाना क्षेत्र के गांव धोबनी निवासी एक युवक की बीती रात को गला रेत कर निर्मतापूर्वक हत्या कर दी गई। मृतक के गले में मौजूद निशानों से साफ पता चल रहा है कि हत्या कुल्हाडी या तलवार जैसे किसी धारदार हथियार से की गई है। युवक का शव उसके खेत पर बने कमरे में खून से लपपथ हालत में मिला है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची गसवानी थाना पुलिस ने मृतक के शव को मौका मुआयना करने के बाद विजयपुर अस्पताल लाकर उसका पीएम करवाया। शव को गांव ले जाते वक्त मृतक के ससुरालियों ने धोबनी गांव में शव को वाहन से नीचे उतारकर सडक पर रखकर श्योपुर ग्वालियर सडक मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। मृतक ससुरालियों ने आरोप लगाया है कि उनके दामाद की हत्या उसके पिता,भाई और भाभी के द्वारा करवाई गई है,इसलिए उनके खिलाफ नामजद हत्या का मामला दर्ज किया जाए। करीब तीन घंटे तक लगा रहा यह चक्काजाम जब हटा,जब मौके पर पहुंचे एसडीओपी विजयपुर राघवेन्द्र सिंह तोमर ने आश्वासन दिया कि अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। जिन पर हत्या का आरोप लगा रहे है,उनके खिलाफ सबूत मिलेगे तो निश्चित रूप से उन्हें हत्यारोपी के रूप में नामजद करते हुए अरेस्ट किया जाएगा।

पुलिस के मुताबिक ग्राम धोबनी निवासी रिंकू 29 वर्ष पुत्र पूरन धाकड गत 16 दिसंबर को अपने घर से निकला था,इसके बाद परिजनो को उसका कोई अता पता नहीं चला था। बताया जा रहा है कि बुधवार की रात परिवार के लोग जब रिंकू की तलाश करते हुए सहसराम के हार में मौजूद अपने सरसो के खेत पर पहुंचे तो उन्हें वहां कमरे के अंदर रिंकू की खून से लथपथ लाश पडी मिली। इस दृश्य को देखकर परिजन बदहवास हो गए और तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना के बाद गसवानी थाना प्रभारी रीना राजावत पुलिस टीम के साथ रात्रि के दौरान ही मौके पर पहुंच गई। मृतक का गला कटा होने से साफ दिख रहा था कि उसकी गले पर किसी धारदार हथियार से वार करके उसे मौत के घाट उतारा गया है।

#### ससुरालीजनों ने शव के साथ लगाया जाम

रिंकू की हत्या की खबर सुनकर उसके शिवपुरी जिले के सुभाषपुरा थाना क्षेत्र के गांव भैसारा निवासी ससुराल पक्ष के लोग धोबनी गांव आ गए। जिन्होने विजयपुर अस्पताल से पीएम के बाद गांव लाए जा रहे मृतक रिंकू के शव को धोबनी गांव के बाहर सडक पर वाहन से नीचे उतार लिया और श्योपुर ग्वालियर मार्ग पर शव के साथ जाम लगा दिया। करीब तीन घंटे तक श्योपुर ग्वालियर हाइवे को जाम करके बैठे रहे मृतक के ससुरालीजन हत्या की नामजद आरोपियों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग पर अड गए,हालांकि पुलिस ने अज्ञात आरोपियों पर हत्या का मामला दर्ज कर लिया है,लेकिन ससुरालीजनो ने आरोप लगाया कि मृतक की हत्या उसके पिता, भाई और भाभी के द्वारा करवाई गई है।इसलिए नामदज हत्या का मामला दर्ज किया जाए। एसडीओपी के आश्वासन पर ससुरालीजनों ने जाम खोला।

#### मृतक का मोबाइल खोल सकता है हत्या का राज

पुलिस की प्रारंभिक जांच के दौरान यह तो साफ हो गया है कि मृतक की किसी धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या की गई है,लेकिन हत्या किस वजह से और किसके द्वारा की गई है,इसका फिलहाल पता नहीं है। पुलिस ने इसकी जांच शुरू कर दी है। पुलिस को घटना स्थल से न तो कोई धारदार हथियार मिला है और न ही मृतक का मोबाइल मिल सका है। जबकि मृतक मोबाइल रखता है,ऐसे में पुलिस को उम्मीद है कि मृतक के मोबाइल से उसकी हत्या का राज खुल सकता है,इसलिए पुलिस ने मृतक के मोबाइल की तलाश शुरू कर दी है,वहीं अन्य तरीको से भी इस वारदात का खुलासा करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

#### इनका कहना..

हमने जाम लगा रहे मृतक के ससुरालीजनों को भरोसा दिलाया कि हत्या का मामला दर्ज कर लिया है और निष्पक्षता के साथ मामले की जांच शुरू कर दी गई है। जांच के दौरान जिनके खिलाफ हत्या किए जाने के सबूत मिलेगे,उन्हें हत्या के मामले में अरेस्ट करके निश्चित रूप से जेल भेजा जाएगा। इस आश्वासन पर ससुरालीजन मान गए और उन्होने जाम हटा दिया।

**राघवेन्द्र सिंह तोमर**
**एसडीओपी विजयपुर**

### पीएम पोषण आहार योजना को लेकर सीईओ सख्त

## गांव में ही बने एमडीएम, नियमित रूप से की जाए मॉनीटरिंग:सौम्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।




बीआरसीसी एवं बीएसी द्वारा विद्यालयों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों में संचालित एमडीएम की नियमित जांच की जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि विद्यालय एवं आंगनवाड़ी का मध्याह्न भोजन संबंधित गांव में ही तैयार किया जाए, जिससे भोजन की गुणवत्ता बनी रहे। बिना पंजीयन वाले स्व-सहायता समूहों को योजना से हटाने की कार्रवाई की जाए।

इस तरह के सख्ती भरे निर्देश जिला पंचायत सीईओ सौम्या आनंद ने गुरूवार को कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशन में पीएम पोषण आहार योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए संबंधित अधिकारियों को दिए है। जिला पंचायत के सभागार में आयोजित इस बैठक में एसडीएम गगन सिंह मीणा, महिला बाल विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार अम्ब, सहायक संचालक रिशु सुमन, सीईओ जनपद श्योपुर एसएस भटनागर, कराहल राकेश शर्मा, विजयपुर आफिसर सिंह गुर्जर, परियोजना अधिकारी डॉ अजय उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान जिला पंचायत सीईओ सौम्या आनंद ने पीएम पोषण आहार योजना की गुणवत्ता, नियमित निगरानी एवं पारदर्शिता पर विशेष जोर दिया। सीडीपीओ को नियमित भ्रमण कर इस व्यवस्था की सतत निगरानी करने के लिए कहा। इसके अतिरिक्त विजयपुर विकासखंड के दूरस्थ क्षेत्रों में आधार पंजीयन एवं संशोधन शिविर आयोजित कराने के भी निर्देश दिए गए, ताकि हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ सुगमता से मिल सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि पीएम पोषण आहार योजना बच्चों के पोषण एवं स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण योजना है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

## प्रोफेसर ने सोशल मीडिया पर वीडियो डालते हुए दो प्रिंसिपल व प्रोफेसरों पर लगाए आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शासकीय गर्ल्स कॉलेज श्योपुर में प्रोफेसर के रूप में पदस्थ नरेंद्र सिंह ठाकुर ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो डालते हुए पीजी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ ओपी शर्मा, गर्ल्स कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ एसडी राठौर सहित अन्य प्रोफेसरों पर उन्हें मानसिक प्रताड़ना देने,शोषण करने, कॉलेज की पढ़ाई प्रभावित करने जैसे गंभीर आरोप लगाए। इस वीडियो के वायरल होने के बाद उच्च शिक्षा विभाग में हड़कंप सा मच गया है।

प्रोफेसर नरेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा सोशल मीडिया पर डाले गए वीडियो को कुछ टीवी चैनलों ने भी शेयर करते हुए न्यूज़ बना दी जिसके चलते उच्च शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया। प्रोफेसर ने उन्हें मानसिक प्रताड़ना देने का आरोप जिले के दो अग्रणीय कॉलेज के प्रिंसिपलों पर लगाते हुए कहा कि वह उन्हें पढ़ाई कराने नहीं देना चाहते हैं। जब भी वह कॉलेज में क्लास लेने जाते हैं तो उन्हें गर्ल्स कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ एचडी राठौर यह कहकर क्लास लेने से रोक देते हैं कि जब बच्चे पढ़ना ही नहीं चाहते हैं तो तुम पढ़ा क्यों रहे हो। इन्हें अनपढ़ ही रहने दो। प्रोफेसर में दोनों प्रिंसिपल को और प्रोफेसर पर उन्हें मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया खास कर डॉ राठौर को उन्होंने अपने वीडियो पर अधिक निशाने पर लेते हुए कहा कि उनकी भाषा शैली किसी प्रोफेसर की तरह नहीं बल्कि एक गुंडे की तरह है जो उसके साथ गुंडागर्दी जैसा बर्ताव कर रहे हैं उनके इस वार्ताओं से वह मानसिक पीड़ा से आहत है और कोई गलत कदम उठा सकते हैं। प्रोफेसर ने एक महिला प्रोफेसर का भी नाम लिया जिसके माध्यम से उन्हें फंसाने का षड्यंत्र भी रचे जाने का आरोप लगाया। प्रोफेसर ने अन्य प्रोफेसरों पर भी उन्हें प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। इस मामले में, गर्ल्स कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ एचडी राठौर का कहना है कि वह सांख्याकी विषय के प्रोफेसर है जिस विषय का एक भी छात्र कॉलेज में नहीं है इसके बावजूद वह दूसरे प्रोफेसर के पीरियड में ज़बरदस्ती क्लास लेने पहुंच जाते हैं। रही प्रताड़ना की बात तो यह आरोप बिल्कुल निराधार है। ऐसा लगता है कि वह मानसिक रूप से फिट नहीं हैं। इस तरह की शिकायत और अव्यवहारिक बातें लगातार करते रहते हैं कॉलेज के महिला स्टाफ के साथ भी उनका व्यवहार ठीक नहीं रहा था हमने इसकी शिकायत उच्च शिक्षा विभाग को पूर्व में ही कर दी है।

## मित्तल बने अग्रवाल महासभा के जिला संभागीय महामंत्री



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

समाजसेवी गिर्राज मित्तल को मप्र अग्रवाल महासभा का जिला संभागीय महामंत्री बनाया गया है। उनकी यह नियुक्ति अग्रवाल महासभा की प्रदेश व जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों की सहमति उपरांत प्रदेश अध्यक्ष कैलाश मित्तल के द्वारा की गई है। गिर्राज मित्तल ने अपने इस मनोनयन के लिए प्रदेश अध्यक्ष कैलाश मित्तल सहित वरिष्ठ समाजजनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें भरोसा दिलाया है कि वे उनके द्वारा सौपी गई इस जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा,ईमानदारी और सक्रियता के साथ निर्वहन करेगे और सदस्यता वृद्धि में भी निर्धारित लक्ष्यों को पूर्ण करने में सक्रिय रूप से सहयोग प्रदान करेगे। नव नियुक्त जिला संभागीय महामंत्री मित्तल को समाजीय लोगों ने बधाई दी है।

## शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रखने में समर्थ है खेल: शशांक

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



खेल युवाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रखने में समर्थ है। जो युवा नियमित रूप से खेल गतिविधियों में भागीदारी करते हैं वह कुशाग्र बुद्धि के होते हैं। खेल की कोई आयु नहीं होती है इसे हर उम्र में खेला जाना चाहिए ताकि इंसान हमेशा फिट और निरोगी रहे। यह बात भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण ने गुरुवार को पीजी कॉलेज ग्राउंड पर आयोजित सांसद खेल प्रतियोगिता में विजेता टीमों को पुरस्कार वितरण करते हुए कही।

खेलों को बढ़ावा देने और ग्रामीणों में खेल के प्रति रुचि जगाने के उद्देश्य से आयोजित कराई जा रही सांसद खेल प्रतियोगिता के तहत गुरुवार को खंड स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें श्योपुर मंडल के युवाओं ने कबड्डी में तो रस्साकशी में प्रेमसर मंडल ने बाजी मारी। इसके अलावा गोला फेंक और विभिन्न केटेगरी में दौड़ प्रतियोगिता आयोजित कराई। प्रशासन की ओर से खेल प्रतियोगिता को संचालित कराने पहुंचे शिक्षा विभाग के सहायक संचालक यश जैन एवं विकास खंड शिक्षा अधिकारी मधु शर्मा ने बताया कि खंड स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित टीमों के बीच 22 दिसंबर को पीजी कॉलेज ग्राउंड पर जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित कराई जाएगी जिसमें श्योपुर, विजयपुर और कराहल विकासखंड के खिलाड़ियों ओर टीमों के बीच मैच कराए जाएंगे। इस दौरान भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष संजय मंगल, भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष मनोज सोनी, पूर्व जिला अध्यक्ष राघवेन्द्र जाट, भाजपा मंडल पांडोला के अध्यक्ष रघुनंदन शर्मा आदि मौजूद रहे।

## फर्जी पत्रकारों से आहत शिक्षक ने एफआईआर दर्ज करवाने दिया आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।

आए दिन स्कूलों व आंगनवाड़ियों में ब्लैकमेलिंग करने की घटनाएं बढ़ गई हैं। ऐसे ही मामले को लेकर राज्य अध्यापक संघ के जिलाध्यक्ष रामचरित रावत ने गुरुवार को देहात थाना पहुंचकर तथाकथित पत्रकार के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने आवेदन सौंपा है। राज्य अध्यापक संघ के जिलाध्यक्ष द्वारा दिए गए आवेदन में उल्लेख है कि तथाकथित पत्रकार मोडिया द्वारा कुछ माह पहले मुझसे मौखिक रूप से विवाद किया था और गुरुवार को समय 10:30 पर जब मैं विद्यालय आ रहा था तो रास्ते में अमरूद लेने के लिए कनापुर के पास रुका तो उसी समय मोडिया ने धमकी दी की मैं तुझे नोकरी नहीं करने दूंगा और तेरी नोकरी खा जाऊंगा तथा कलेक्टर के पास बुलाकर भी प्रताड़ित करूंगा जिस कारण से में तनावग्रस्त होकर अवसाद में हूं। देहात थाना पुलिस ने उक्त आवेदन को लेकर जांच शुरू कर दी है।

## जिपं सदस्य के 3 नामांकन वापस,16 को चुनाव चिन्ह आवंटित

श्योपुर। जिला पंचायत वार्ड क्रमांक 01 के सदस्य पद के लिए 16 उम्मीदवार चुनावी मैदान में रह गए है। क्योंकि 19 उम्मीदवारों में से तीन उम्मीदवारों सुमेर सिंह जादौन, भारत सिंह एवं प्रीतम उर्फ रामदिता द्वारा अपने नामांकन वापस ले लिए गए है।इसलिए शेष बचे 16 उम्मीदवारो को कलेक्टर एवं रिटर्निंग आफीसर अर्पित वर्मा द्वारा चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिये गये है।इधर ग्राम पंचायत नागदा और बैचाई में सरपंच पद के लिए मैदान में डटे तीन तीन उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आंवटित कर दिए गए है।

## 11 को गिरधरपुर में आयोजित होगा हिंदू सम्मेलन,कार्यकारिणी गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



सोंई खंड के मंडल गिरधरपुर में आगामी 11 जनवरी को संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।गिरधरपुर स्थित शासकीय हायरसेकंडरी स्कूल परिसर में आयोजित होने वाले इस हिंदू सम्मेलन के लिए समिति का गठन किया गया। सर्व सम्मति से गठित हिंदू सम्मेलन समिति का संयोजक पुष्पेन्द्र सिंह तोमर को बनाया गया है। जबकि सह संयोजक कृष्ण अवतार जादौन, दीपक भदौरिया, कोषाध्यक्ष रानू गर्ग, सह कोषाध्यक्ष सोनू राजावत, सचिव आकाश रावत, सह सचिव बृजेश सिंह भदौरिया को बनाया गया है। गुरूवार को हिंदू सम्मेलन समिति के द्वारा हिंदू सम्मेलन कार्यक्रम को लेकर भूमि पूजन भी किया गया।

#### शहर की महावीर बस्ती में होगा हिंदू सम्मेलन



श्योपुर। शहर की महावीर बस्ती में भी हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए एक कार्यालय का शुभारंभ गुरूवार को गुरूडजी के बालाजी मंदिर के पास गर्ग भवन में विधिवत पूजा अर्चना के साथ किया गया। कार्यालय शुभारंभ अवसर पर गिर्राज सर्राफ, केके गर्ग,भास्कराचार्य टकसाली, सत्यनारायण गोयल, जुगल सोनी,नरेंद्र बजाज, परमानंद सोनी, सचिन भारद्वाज, कमल अग्रवाल, पवन गोयल, पवन बंसल,गिरधर गर्ग,नकुल सोनी, अजय गौड, मनोज कुमावत गणमान्य उपस्थित थे।

### लोगों की लापरवाही और परिषद की नातेदारी से स्वच्छता रेटिंग धराशायी

# डोर टू डोर हो रहा कचरा कलेक्शन, फिर भी शहर की सड़कें क्यों बनी है गंदी?

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



स्वच्छता रैंकिंग में शहर को अव्वल लाने के लिए नगर पालिका प्रशासन जितनी मशक्कत करे कम है क्योंकि आमजन की इस अभियान से बेरुखी शासन प्रशासन के मंसूबों को परवान नहीं चढ़ने देती है। नगरपालिका के पास डोर टू डोर कचरा कलेक्शन की व्यवस्था है और इसके लिए उसने सरकार से मिले 25 टिपर वाहन भी लगाए हुए हैं जो दिन में दो बार डोर टू डोर घरों पर कचरा एकत्रित करने जा रहे हैं इसके बावजूद लोग सड़कों पर कचरा फेंकने से बाज नहीं आ रहे हैं बस लोगों की यही लापरवाही ओर लापरवाही करने वालों से परिषद की नातेदारी श्योपुर को स्वच्छता रेटिंग में अच्छे अंक दिलाने में नाकाम हो रही है।

25 टीपर वाहनों के साथ साथ नगर पालिका के पास 5 ट्रैक्टर—ट्रॉली भी हैं जो सड़क पर करीब 45 स्थानों पर एकत्रित किया गया कचरा उठाकर टचिंग ग्राउंड में ले जाने का काम कर रहे हैं। नगरपालिका परिषद के पास ढाई सैकड़ा सफाई कर्मचारियों की फौज भी है इसके बावजूद सड़कों को कचरे से मुक्ति नहीं मिलना आश्चर्य चकित कर देने वाली बात है। खास बात यह है सड़क पर कचरा फैलाने में सभ्य समझे जाने वाला समाज अधिक भागीदारी कर रहा है और विकास में पिछडा और कम पढे लिखे बस्ती में रहने वाले लोग स्वच्छता के प्रति अधिक जागरूक दिख रहे हैं। लोग अब सडक पर कचरा नहीं फेंक रहे हैं वह डस्टबिन में रखे कचरे को डालने के लिए टिपर वाहन का इंतजा तजार करते हैं। इसके उलट बाजार में रहने वाले पढे लिखे और सभ्य समझे जाने वाले लोग अपने घर का कचरा टिपर वाहन में डालने के बजाय सड़को पर ही डाल रहे हैं। आचर्य की बात तो यह है नगर पालिका ने इनसे सड़क पर कचरा डालने से मना करने के बजाय फेंके गए इस कचरे को उठाने के लिए 5 ट्रैक्टर ट्रॉली लगाए हुए हैं जो बाजार में सफाई कर्मचारियों द्वारा एकत्रित किए गए कचरे को भरकर ट्रेंचिंग ग्राउंड में पहुंचाने का काम कर रहे हैं।

#### टिपर वाहन रोजाना रोज डोर टू डोर कर रहे कचरा कलेक्शन

नपा के पास करीब 25 टिपर वाहन (कचरा गाड़ी) है जो बस्तियों से कचरा कलेक्शन करके ला रहे हैं। आश्चर्य वाली बात तो यह है कि तंग बस्तियों और मोहल्लों में रहने वाले लोग तो बिना नागा किए टीपर वाहनों में अपने घर का कचरा डाल रहे हैं लेकिन बाजार में रहने वाले पढ़े लिखे लोग सड़कों पर ही कचरा फेंक रहे हैं जिन्हें सफाई कर्मचारी झाड़कर एकत्रित कर देते हैं और जो लोग बाजार में सड़क पर कचरा फेंक कर स्वच्छता रेटिंग में शहर को लगातार पछाड़ रहे हैं।

#### नपा नहीं करती जुर्माना इसलिए फेंकते कचरा

कचरा फैलाने पर नगर पालिका परिषद लापरवाही करने वालों पर जुर्माना नहीं करती है जबकि ऐसे लोगों पर जुर्माना करने का प्रावधान है। नपा अधिनियम की धारा 218 में प्रदूषण फैलाने पर 500 रुपा का जुमानी है, धारा 277 के अंतर्गत जलाशयों को गंदा करने पर 6 महीने की सजा 500 रुपए जुर्माना का प्रावधान है। इसी के साथ सार्वजनिक स्थान पर कचरा जलाने पर 100 रुपए जुर्माना का प्रावधान है लेकिन नगर पालिका राजनीतिक संबंधों के चलते जुर्माना नहीं करती है।

#### इसलिए होता है बाजार में कचरे का ढेर

बाजार में बहुमंजिला मकान बने हुए है जिनमें नीचे दुकान में संचालित हो रही और ऊपर वाले भवन में लोग निवास करते हैं। दुकानों के शटर जब खोलने का समय होता है तब तक कचरा कलेक्शन व्यवस्था खत्म हो जाती है। ऐसे में ऊपरी मंजिल पर रहने वाले भवन स्वामी कचरा सड़क पर ही फेंक देते हैं, जिसके कारण मैन मार्केट, तोड़ी गणेश बाजार तथा बोहरा बाजार में कचरा बिखरा पड़ा रहता है।

#### इनका कहना..

जो लोग कचरा वाहन में कचरा नहीं डालकर सड़क पर फेंकते हैं उन्हें चेतावनी दी गई है बार-बार समझाइश देने के बाद भी नहीं सुधरने वालों के खिलाफ जुर्माना की कार्रवाई की जाएगी।

**अरविंद पाराशर**
**हैल्थ ऑफिसर नपा श्योपुर**

## सप्ताहभर में बिना हेलमेट बाइक चलाते पकड़े 409 लोग,1.22 लाख का किया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



हेलमेट लगाओ-जीवन बचाओ अभियान के तहत यातायात थाने की पुलिस के साथ ही जिले के सभी थानों की पुलिस भी हेलमेट को लेकर अपने अपने क्षेत्र में चैकिंग अभियान चला रही है और बिना हेलमेट बाइक चलाते हुए पकडे जा रहे बाइक सवारों पर जुर्माने की कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में यातायात थाना पुलिस ने इस अभियान के दौरान सप्ताहभर में एक सप्ताह के दौरान बिना हेलमेट बाइक चलाते हुए 409 लोगो को पकडा है। जिनके खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई करते हुए उनसे 1 लाख 22 हजार 700 रूपए का जुर्माना वसूला गया है। यातायात प्रभारी संजय सिंह राजपूत ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देशन में हेलमेट लगाओ जीवन बचाओ अभियान 31 दिसंबर तक पूरे जिले में संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के दौरान शहर श्योपुर में यातायात पुलिस के द्वारा यातायात थाने के सामने महाराणा प्रताप चौराहे, पुलिस कंट्रोल रूम के सामने तथा पाली रोड पर पुराने देहात थाने के सामने वाहन चैकिंग की कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई के दौरान सप्ताहभर में 409 वाहन चालकों को बिना हेलमेट बाइक चलाते हुए पकडा है, जिन पर एक लाख बाइस हजार सात सौ रुपए का जुर्माना किया है। साथही उन्हें हेलमेट लगाकर बाइक चलाने की समझाइस देते हुए हेलमेट न लगाने पर होने वाले खतरो के बारे में भी अवगत कराया है।

## खबर संक्षेप

### साम्प्रदायिक माहौल बिगाड़ने पर मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत पिछले दिनों लोगों की भीड़ ने थाने के सामने ईसागढ मुख्य मार्ग पर विरोध प्रदर्शन किया था। जिसके बाद ईसागढ थाना प्रभारी मीना रघुवंशी ने साम्प्रदायिक महौल बिगाड़ने की दृष्टि से बांधा उत्पन्न की, धार्मिक स्थान पर तोड़फोड की व अश्लील गांलियां दी गई। पुलिस वीडियो के आधार पर आरोपियों के नाम तलाश रही है।

### खेत में बनी डबरी में डूबने से युवक की मौत

**अशोकनगर।** जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत ग्राम देसाईखेडा निवासी गोलू पुत्र रामगोपाल धाकड़ उम्र 19 साल वन विहार वाले खेत में बनी डबरी वाले तालाब में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### पुरानी रंजिश पर से मारपीट

**अशोकनगर।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत लम्बरदार मोहल्ला निवासी गोरेलाल प्रजापति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि पुरानी रंजिस पर से आरोपी मदनलाल, देवेन्द्र और गज्जू प्रजापति ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा सेमिनार सह प्रशिक्षण का आयोजन किया




**अशोकनगर।** रेड क्रॉस सोसाइटी के तत्वाधान में हेल्थ अवेयरनेस कार्यक्रम के अंतर्गत स्थानीय डीपी वाय स्कूल में सेमिनार सह प्रशिक्षण का आयोजन रखा गया। जिसमें मुख्य वक्ता एवं प्रशिक्षण उत्तर के रूप में डॉ सीपी यादव द्वारा स्कूली छात्र-छात्राओं को पोषण स्वच्छता एवं एडोलेसेंट हेल्थ संबंधी विषयों पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। हैंड वॉशिंग तकनीक व सीपी आर(कार्डियो- पलमोनरी रिससीं टेसन) तकनीक का लाइव प्रदर्शन कर छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षित किया गया। सेमिनार के प्रथम चरण में बताया गया कि कैसे संतुलित आहार लेने से एक छात्र का स्कूल में उच्च प्रदर्शन हो सकता है संतुलित भोजन के लिए अलग से कुछ भी करने की आवश्यकता नहीं होती,घर में उपलब्ध मौसमी सब्जी दाल चावल चपाती आदि के सेवन से भी संतुलित आहार प्राप्त किया जा सकता है। जंक फूड एवं मोबाइल के दुष्प्रभाव के बारे में भी विस्तार पूर्वक चर्चा की गई एवं बताया गया कि कैसे छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा मोबाइल उपयोग करने से उनके दिमाग की सोने की क्षमता पर दुष्प्रभाव पड़ता है। आयोजन के दूसरे चरण में डॉ यादव द्वारा हैंड वॉश तकनीक के छह स्टेप करके दिखाए गए एवं उपस्थित अतिथियों व छात्र-छात्राओं से इसे अपने प्रतिदिन उपयोग में लाने के लिए कहा गया।

## विद्यार्थियों को कॉलेज में प्रवेश लेने के लिए किया प्रेरित

# जिंदगी में समय कभी भी लौटकर नहीं आताः डॉ उमा लवानिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना




गर्ल्स कॉलेज की कॉलेज चलो अभियान समिति द्वारा सीएम राइस सांदीपनि विद्यालय के विद्यार्थियों को कॉलेज चलो अभियान के तहत कॉलेज में प्रवेश लेने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर नोडल अधिकारी डॉ उमा लवानिया ने कहा कि सीएम राइस विद्यालय के प्राचार्य अभिषेक कुशवाहा शिक्षक निधि जैन, रितिका तिवारी, शुभ्रा शुक्ला एवं समस्त स्टाफ के सहयोग से यह अभियान को हम शत प्रतिशत सफल बना रहे हैं। विद्यार्थियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि जिंदगी में समय कभी भी लौटकर नहीं आता है इसलिए आपको हर दिन, हर क्षण का उपयोग करते हुए जीवन में 100 प्रतिशत कार्य करते रहना है। कॉलेज आपके कैरियर निर्माण की पहली सीढ़ी है। इसलिए प्रत्येक विद्यार्थी को कॉलेज में प्रवेश लेना है।

नीता नामदेव ने कहा कि मध्य प्रदेश शासन की समस्त योजनाओं का लाभ लेने के लिए आपको 12वीं की परीक्षा 90 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण करना चाहिए। फिर आपको केवल पढ़ना है। आपकी फीस, स्टेशनरी, यूनिफॉर्म का खर्च सभी शासन वहन करेगी। राजीव लोधी ने विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति एवं प्रोत्साहन राशि सरकार की दोनों योजनाओं को विस्तृत रूप में समझाते हुए कहा कि मध्य प्रदेश सरकार एक ऐसी योजना बनाकर विद्यार्थियों को लाभ दे रही है कि प्रवेश लेने वाले प्रत्येक विद्यार्थी को कोई न कोई छात्रवृत्ति या प्रोत्साहन राशि अवश्य मिले और विद्यार्थी अपना अध्ययन काल बिना किसी पर निर्भर हुए पूरा कर ले। कीर्ति ठाकुर ने ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी देते हुए कहा कि महाविद्यालय में आने के लिए सबसे पहले प्रवेश प्रक्रिया से गुजरना होगा और इसके लिए आपको सजगता से अपना बायोडाटा ऑनलाइन फीड करवाना होगा। इसलिए प्रवेश लेते समय व्यक्तिगत जानकारी और विषय चयन का विशेष ध्यान रखें। नवीन नामदेव ने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार का पूरा ध्यान विद्यार्थियों पर है कि कोई भी विद्यार्थी कॉलेज में प्रवेश लेने से वंचित न रह जाए। आरती ठाकुर ने महाविद्यालय की सुविधाओं ग्रंथालय, परीक्षा आदि की जानकारी दी। मनीता राजपूत ने कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ, यूनिफॉर्म ,अनुशासन एवं कक्षा में उपस्थित संबंधी जानकारी दी। सहयोग के लिए अशोक बौद्ध उपस्थित रहे।



## सिविल अस्पताल में नेत्र प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन

◆ *445 मरीजों का किया गया नेत्र परीक्षण, 39 के निकाले गए चश्मे के नंबर*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

सिविल अस्पताल में नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से नेत्र प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। सदगुरुदेव नेत्र चिकित्सक डॉक्टर अनीश शुक्ला, सिविल अस्पताल के नेत्र चिकित्सा सहायक प्रहलाद सिंह कुशवाहा, दिनेश वर्मा, कैंप प्रभारी कल्पेश शर्मा, कॉउंसलर घनश्याम बघेल, प्रधुम्न शर्मा ने बीपी एवं शुगर टेस्ट किया। शिविर में लखन कुशवाहा, धर्मेंद्र शर्मा ने करीब 445 मरीजों के नेत्र परीक्षण कर उन्हें नेत्र रोगों से बचाव की जानकारी की। शिविर में 139 लोगों को निशुल्क दवा का वितरण दिनेश वर्मा द्वारा किया गया। 20 मरीजों को चश्मा वितरित किया एवं 39 मरीजों को चश्में के नम्बर निकाल कर दिए। उक्त जानकारी शिविर सहयोगी सचिन भावसार एवं वरिष्ठ समाज सेवी सुनील बाबू पिंगले ने दी। शिविर बीना सदस्य पीपी नायक की उपस्थिति में आयोजित किया गया। समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने बताया की सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट द्वारा प्रति वर्ष 52 हजार से अधिक मोतिया बिन्द के ऑपरेशन ट्रस्ट के रवि उपाध्याय के मार्गदर्शन में किए जाते है, जो कि सराहनीय है।

## थाना भौंती ने आबकारी एक्ट में चार महीने से फरार आरोपी को को गिरफ्तार कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौंती




भौती थाना मे पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन मे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी संजीव मुले में एवं एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन मे चलाए जा रहे अवैध शराव के विरुद्ध अभियान के तहत थाना भौती पुलिस द्वारा दिनांक 20.08.2025 को मुखबिर की सूचना पर से आरोपी नंदराम लोधी पुत्र दयाराम लोधी उम्र 35 बर्ष निवासी सलैया थाना भौती के घर से गत्ते के कार्टूनो में 11 पेटी देशी मदिरा प्लेन शराब की जिनमें प्रत्येक पेटी में 50-50 क्वाटर कुल मात्रा 99 लीटर कीमती 55000/-रु. एवं गत्ते की तीन पेटी जिसमें बोल्ट कंपनी की 72 कैन कुल मात्रा 36 लीटर कीमती 10800 रु. कुल कीमती 65800 रु. की शराव को जप्त किया जाकर आरोपी नंदराम लोधी के खिलाफ अप क्रं. 276/25 धारा 34(2) आवकारी एक्ट का पंजीबध्द किया गया था आरोपी मौके से फरार हो गया था जिसे मुखबिर की सूचना पर से आरोपी नंदराम पुत्र दयाराम लोधी उम्र 35 बर्ष निवासी ग्राम सलैया थाना भौती जिला शिवपुरी को बदरबास चौराहा, ग्राम बदरवास से गिरफ्तार किया गया ।

सराहनीय कार्यवाहीः- निरीक्षक घनश्याम भदौरिया थाना प्रभारी भौंती, सउनि संजय भगत, प्र.आर 234 प्रहलाद यादव, आर 169 पुष्पेन्द्र सिंह चौहान, आर 358 दुर्गाविजय रावत, आर 534 रामप्रसाद गुर्जर, आर 240 पीकेश कुमार की अहम भूमिका रही।

### तीसरी बार ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष युवा बने रूपेंद्र यादव



**दिनारा।** दिनारा क्षेत्र में खुशी की लहर कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व विधायक केपी सिंह एवं अशोक सिंह की अनुशंसा पर युवा नेता रूपेंद्र यादव को तीसरी बार दिनारा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त होने पर दिनारा क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं पत्रकार बंधुओं ने बधाई दी।

## 39वीं नेशनल जूनियर गर्ल्स शतरंज प्रतियोगिता में मप्र का अंजलि टीम का कर रहीं प्रतिनिधित्व




**बीना।** आगासौद जैसे साधारण गांव से निकली शतरंज की प्रतिभा अंजलि चौरसिया आज 39 वीं नेशनल जूनियर गर्ल्स शतरंज प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व कर रही है। यह प्रतियोगिता जमशेदपुर (झारखंड) में 16 दिसम्बर से 25 दिसम्बर तक आयोजित की जा रही हैं। इसके पूर्व में नेशनल ओपन शतरंज प्रतियोगिता में अमृता चौरसिया मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर चुकी है। जो प्रतियोगिता दुर्गापुर पश्चिम बंगाल में 3 दिसंबर से 12 दिसम्बर तक आयोजित की गई थी। अंजलि चौरसिया और अमृता चौरसिया दोनों बहने हैं। ये चौरसिया सिस्टर आज मध्य प्रदेश में शतरंज का एक उभरता हुआ नाम बन चुकी है। अंजलि चौरसिया और अमृता चौरसिया बीपीसीएल द्वारा संचालित प्रोजेक्ट लक्ष्य के अंतर्गत शतरंज का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। इस कार्यक्रम का संचालन सामाजिक संस्था समन्वय मंडपम द्वारा किया जा रहा है। समन्वय मंडपम संस्था के प्रशिक्षक जफर खान इन खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दे रहे हैं, साथ ही बीपीसीएल के सहयोग से संस्था द्वारा अन्य ऑनलाइन क्लासेज के माध्यम से भी तैयारी कराई जाती है।

## तिराहे पर बाइक से जा रहे थे दंपति महिला के गले से झटका मंगलसूत्र

### बाइक से आए तीन बदमाशों ने घटना को दिया अंजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा




फरियादी विक्रम सिंह पुत्र पन्नालाल लोधी उम्र 60 साल निवासी ग्राम सलैया थाना अमोला ने थाना करैरा में मय पत्नी के साथ पहुंचकर शिकायत की और बताया कि मैं अपनी पत्नी सरूपी लोधी के साथ मोटरसाइकिल से सलैया से करैरा आ रहे थे सिल्लारपुर तिराहे के पहले पीछे से आ रही काले रंग की मोटरसाइकिल पर तीन लोग आए और चलती मोटरसाइकिल से मेरी पीछे बैठी पत्नी सरूपी के गले से सोने का मंगलसूत्र मोटरसाइकिल पर पीछे वाले व्यक्ति ने झपट्टा मारकर पत्नी के गले से छीन लिया और तीनों लोग मोटरसाइकिल से झांसी तरफ भाग गए तीनों लोगों की उम्र करीब 25-30 साल के बीच होगी। फरियादी ने करैरा थाने में शिकायत दर्ज की उसके बाद पुलिस ने कर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

### हम सभी को शहीद सैनिकों के बलिदान को याद रखना चाहिएः डॉ एमएल सोनी

**बीना।** पीजी कॉलेज में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत विजय दिवस का आयोजन किया गया। संस्था प्राचार्य व संरक्षक डॉ रेखा बरेठिया ने विद्यार्थियों को राष्ट्र हित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। डॉ एमएल सोनी ने कहा कि हम सभी को शहीद सैनिकों के बलिदान को याद रखना चाहिए। प्रोफेसर आरएस तिवारी ने कहा की अपने कर्तव्य पथ पर चलना ही सबसे बड़ी देश भक्ति है। डॉ राजेश सप्रे ने भारत पाक युद्ध के घटनाक्रम पर प्रकाश डाला और बांग्लादेश के मुक्ति संघर्ष में भारत के योगदान के विषय में जानकारी दी। एनएसएस अधिकारी गौरव नैलवाल ने ऑपरेशन सिंदूर एवं सेना के बारे में जानकारी दी। रफीक शेख ने विद्यार्थियों को एनसीसी लेने व सेना में भर्ती के लिए प्रेरित किया। प्रकोष्ठ प्रभारी वंदना चौबे ने संचालन करने के साथ-साथ 1947 के भारत पाक विभाजन से बांग्लादेश के उदय तक का संक्षिप्त इतिहास बताया और विजय दिवस के महत्व के बारे में छात्रों को अवगत कराया। डॉ नीलम सिंह ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में श्वेता दुबे, प्रीति देशभ्रतार, नयनतारा, वंदना जाटव, उमेश यादव , रितिक तिवारी सहित समस्त स्टाफ व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## आज का राजा न तपस्या करता है न ही त्याग करता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



अंतर्राष्ट्रीय धर्माचारी जगतगुरु आचार्य देवमुरारी बापू ने नईसराय के सुरई मैदान में कथा में प्रवचन देते हुए भरत और शबरी प्रसंग पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जो राजा भरत जैसा त्यागी होगा व समर्पित होगा वही अपने राज्य में प्रजा को सुखी करते हुए 10 गुना ज्यादा राज्य कोष को बढ़ा सकता है। भरत जी ने राम जी के 14 वर्ष बन जाने पर अयोध्या में आकर यही किया था। सिंहासन पर राम जी के चरण पादुका को बिठाकर खुद नंदीग्राम गुफा के अंदर तपस्या करते थे।

उन्होंने कहा कि आज का राजा तपस्या नहीं करता और न ही त्याग भावना को धारण करता है। इसीलिए बार-बार अपने राज्य में धन अभाव के कारण ऋण मांगता दिखाई देता है। संपूर्ण भारत की यही स्थिति बनी हुई है। त्याग से धन की वृद्धि होती है पर आजकल हर जगह भ्रष्टाचार दिखाई दे रहा है इसलिए जनता भी दुखी है। भरत त्यागी की मूर्ति है, इसलिए वशिष्ठ जी जैसे महाज्ञानी भी भरत को संत की उपाधि देकर संबोधित किया है। भरत ने राम जी को मनाने के लिए चित्रकूट की यात्रा की, रास्ते में तीन प्रकार के लोग चल रहे थे घोड़े, रथ, और पैदल लेकिन सबसे पहले भरत की राम जी से मिले क्योंकि वह पैदल नंगे पैर चल रहे थे। भगवान का एक नियम है जो भगवान को प्राप्त करने के लिए जितनी बस्तु छोड़कर बढ़ता है भगवान भी उसकी तरफ उतना ही वस्तुओं का त्याग करके उसकी तरफ दौड़ पड़ते हैं भारत ने अर्थ धर्म काम मोक्ष का परित्याग करते हुए भगवान के चरणों में भक्ति मांगी इसलिए राम भी भारत को दौड़कर मिले। कथा के विश्राम के समय मुख्य अतिथि के रूप में नई सराय मंडल अध्यक्ष दिनेश सिंह रघुवंशी कथा के व्यवस्थापक सुरेश सिंह रघुवंशी, पंचम सिंह रघुवंशी, सुनील रघुवंशी, अनिल रघुवंशी, हर्ष, राकेश, राजा, अंकु बैरागी, राजेश, प्रवेश, अमित ,राजकुमार, कृष्ण कुमार आदि बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

## शासकीय भूमि पर कब्जा कर बनाई गई कॉलोनियों को तोड़ा जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



शासन द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका (कालोनी विकास) नियम 2021 के तहत कॉलोनाइजरों द्वारा कॉलोनी विकास अनुमति लेना अनिवार्य है। इस आशय के निर्देश कलेक्टर आदित्य सिंह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित कॉलोनाइजरों की बैठक में अधिकारियों एवं कॉलोनाइजरों को दिए।

बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नगरीय क्षेत्र में अनाधिकृत कालोनियों की रोकथाम के लिए दण्डात्मक कार्यवाही की जाए। साथ ही नवीन अनाधिकृत कालोनियों के नियंत्रण हेतु कार्यवाही करें। बैठक में कॉलोनाईजरों को मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1961 एवं मध्यप्रदेश नगर पालिका (कॉलोनी विकास) नियम 2021 एवं इसमें समय-समय पर हुये संशोधित नियम तथा शासन निर्देश, म.प्र. कालोनी विकास नियम 2014 ग्रामीण क्षेत्र सहित की विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही निर्देश दिये कि जिला अशोकनगर में कोई भी अवैध कॉलोनी निर्मित न करें। कॉलोनाइजरों द्वारा कॉलोनी निर्माण करना है तो जिला प्रशासन द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय में सुविधा के लिये सिंगल बिंडो प्रारंभ की गई है। सिंगल विडों के माध्यम से प्राप्त जानकारी अनुसार कॉलोनाइजरों दस्तावेज लगा कर अपना आवेदन प्रस्तुत कर कॉलोनी विकास करने का प्रमाण-पत्र प्राप्त किया जा सकता है।

बैठक में कलेक्टर ने कॉलोनाइजरों को निर्देश दिए कि जनसुनवाई में अधिकतर शिकायतें प्राप्त हो रही है कि अवैध कॉलोनी में कही पानी नही है, कही लाईट नही है, कही रोड नही है, नोटरी है, नोटरी से प्लॉट नही बेचा जाना चाहिये। किसी भी कॉलोनी में शासकीय भूमि पर कब्जा नही मिलना चाहिये। जिस कॉलोनाईजर द्वारा शासकीय भूमि पर कब्जा कर कॉलोनी बनाई जायेगी उसको तोड़ने की कार्यवाही की जायेगी। उपस्थित कॉलोनाईजरों द्वारा कलेक्ट्रट से मिलने वाले नोटिसों के संबंध में जानकारी चाही गई तो कलेक्टर द्वारा स्पष्ट कहा गया कि नोटिस दिये गये है उनका जबाव आपकी कॉलोनी की जो भी स्थिति है लिख कर बताएं, इस हेतु नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। कॉलोनाईजरों को कॉलोनी विकास अनुमति प्राप्त करने की सुविधा प्रदाय करने हेतु अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय स्तर पर भी सिंगल बिंडो में प्रदाय करने वाले आवेदन के साथ लगने वाले दस्तावेजों का हॉर्डिग लगाये जाने के निर्देश दिए।

## काकोरी घटना के अमर शहीदों को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



पिपरई पंचायत चौराहा पर काकोरी घटना के शहीद क्रांतिकारी रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां, राजेंद्र लाहिड़ी, रोशन सिंह के शहादत दिवस के उपलक्ष्य में पुष्पांजलि कार्यक्रम व सभा आयोजित हुई। कार्यक्रम में जिला सचिव अनुराग सागर ने बताया कि रामप्रसाद बिस्मिल और अशफाक उल्ला खान की शहादत आजादी आंदोलन की गैर समझौता वादी धारा में हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक है इनके शहादत दिवस को साझी शहादत साझी विरासत के नाम से जाना जाता है। अंग्रेजो द्वारा 19 दिसंबर 1927 को काकोरी घटना के शहीद रामप्रसाद बिस्मिल को गोरखपुर जेल की कोठरी, अश्फाक उल्ला खान को फैजाबाद जेल, रोशन सिंह को प्रयागराज जेल में फांसी दी गई। 17 दिसंबर को राजेंद्र लाहिड़ी को फांसी दी गई। आजादी के इतिहास में 9 अगस्त 1925 को हुई काकोरी की घटना एक महान उद्देश्य को लेकर की गई थी। जिसमे एचआरए के क्रांतिकारियों द्वारा अंग्रेजो द्वारा ले जाने वाले खजाने को इसीलिए लूटा ताकि भारत की आजादी की लड़ाई को और मजबूत किया जा सके। इस घटना ने ब्रिटिश हुकूमत की जड़ें हिला दी थी इस घटना के बाद अनेक क्रांतिकारियो को पकड़ा गया था। चार क्रांतिकारियों को फांसी और अन्य को अलग अलग सजाएं दी गई। इनकी शहादत से पूरा देश आंदोलित हो उठा और आजादी की लड़ाई में कई युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी जान न्योछावर की। इस मौके पर काकोरी काण्ड के शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में कमेटी सदस्य देवेंद्र श्रीवास्तव ने बात रखी, गोविंद, रोहित, आयान, अनिकेत, यादि बड़ी संख्या में समिल हुए। कार्यक्रम का संचालन विक्रम तांवरे ने किया।

## मेला स्थल का किया निरीक्षण, आवश्यक निर्देश दिए

# करीला मेले को लेकर कलेक्टर ने करीला धाम में अधिकारियों की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



अशोकनगर जिले के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल मां जानकी माता मंदिर करीला धाम पर आगामी 8 मार्च 2026 को रंगपंचमी के अवसर पर तीन दिवसीय वार्षिक मेला का आयोजन किया जाएगा। करीला मेला के आयोजन की पूर्व तैयारियों के संबंध में कलेक्टर आदित्य सिंह एवं पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने बुधवार को करीला धाम पहुंचकर व्यवस्थाओं को देखा तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

इस दौरान करीला पहुंच मार्गों पर बने पार्किंग स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने पार्किंग स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाएं पेयजल, विद्युत, सुरक्षा, आवागमन, साफ सफाई के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने पार्किंग स्थलों पर बोर कराये जाने तथा पानी की टंकी रखवाये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। निरीक्षण के दौरान पार्किंग हेतु टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि करीला धाम आने वाले वीआईपी मूवमेंट की उचित व्यवस्था रहे यह सुनिश्चित किया जाए। इस हेतु किसी भी प्रकार कोताही न बरती जाए। उन्होंने मंदिर परिसर में चल रहे निर्माण कार्य को समय सीमा में पूर्ण किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने पेयजल, लाइट, साफ सफाई के उचित प्रबंध रहे यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने मंदिर परिसर के अतिक्रमण को हटाए जाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने मेला परिसर की सड़कों को पक्का किये जाने तथा रोड के दोनों ओर आवागमन की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए दुकान न लगाये जाने के संबंध में सख्त निर्देश दिये। बैठक में पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने पार्किंग स्थल पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने करीला पहुंचने हेतु मुख्य मार्ग के अतिरिक्त आवागमन हेतु परिवर्तित बैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था हेतु स्थल का चिन्हांकन किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने मेला की सतत निगरानी हेतु सीसीटीव्ही कैमरे की व्यवस्था सुदृढ कराये जाने के निर्देश दिये।